HGH INDIA 2018 SM

HOME DECOR ▪▪▪ GIFTS ▪▪▪ HOUSEWARE

JULY 3-5, 2018 MUMBAI, INDIA

NEWS 1

A TEXZONE Event

Where business feels at home!

# ७ वा संस्करण ज्यादा बडा, ज्यादा प्रभावी

एचजीएच इंडिया का ७वां एडिशन पूरे भारत के लगभग ४७५ शहरों एवं कस्बों से आने वाले ट्रेड विज़िटर्स का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

कारोबारी एवं इंस्टिट्यूशनल खरीदार, ३० देशों से आए ५५० ब्रांड्स एवं निर्माताओं द्वारा प्रदर्शित किए जाने वाले होम टेक्सटाइल, होम डेकॉर, हाउसवेयर एवं गिफ़्ट प्रोडक्ट के नए कलेक्शन एवं इनोवेशन को देख सकते हैं तथा उन्हें मूल्यांकित कर सकते हैं। यह पहली बार है जब तीन अलग-अलग हॉल में एचजीएच इंडिया की मौजूदगी होगी, और प्रत्येक हॉल में होम टेक्सटाइल (हॉल १), होम डेकोर एवं गिफ़्ट्स (हॉल २) तथा हाउस वेयर एवं गिफ़्ट्स (हॉल ३) की विशेष कटेगरीज़ को कवर किया जाएगा।

भारत एवं दूसरे देशों से आए ८० से अधिक नए एग्ज़िबिटर्स, बेड लिनेन एवं डेकोरेटिव बैडिंग, टॉवल एवं बाथ लिनेन, मैट्रेस, फर्निशिंग फैब्रिक्स, पर्दे, ब्लाइंड, डेकोरेटिव मेड-अप्स, रग्स एवं कारपेट्स, विनायल एवं वुडन फ्लोरिंग, वॉलपेपर, हैंडीक्राफ्ट, डेकोरेटिव एक्सेसरीज़, कुकवेयर, किचनवेयर, किचन एप्लायंसेज, टेबल वेयर, ग्लास वेयर, डेकोरेटिव ग्लास, स्टोरेज, प्लास्टिक वेयर एवं जनरल हाउसवेयर जैसी प्रोडक्ट कटेगरीज़ के अंतर्गत अपने आइटम्स का प्रदर्शन करेंगे। वे ट्रेड विज़िटर्स के लिए नए एवं विस्तृत सोर्सिंग विकल्प तैयार करेंगे। बर्गहाफ़ (बेल्जियम), आरसीआर (इटली), इंटर डिज़ाइन (यूएसए), कोर्कमाज़ (टर्की), ओंकू (टर्की), स्पेस टेक्नोलॉजीज (कोरिया), मोनो सेरामिक्स (बांग्लादेश), ऐडिन (टर्की), डेकॉर कैम (टर्की), ली मिंग (ताइवान), हांगझोऊ जिडा (चीन) एवं रैको (श्रीलंका) ऐसे कुछ प्रमुख नए इंटरनेशनल ब्रांड हैं, जो पहली बार प्रदर्शनी में भाग लेंगे।

नियमित एग्ज़िबिटर्स में से स्पेस, बॉम्बे डाइंग, ट्राइडेंट, इंडो काउंट, मास्पर, ॲन्ना सिमोना, बोरोसिल, पेप्स, स्प्रिंगफिट, डिसीटेक्स, जीएम




*एचजीएच इंडिया २०१७ में हॉल १ का दृश्य*

**मौजूदा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन ट्रेन्ड्स को देखते हुए, एचजीएच इंडिया २०१८ में ट्रेड विजिटर्स की संख्या में भारी वृद्धि देखे जाने की संभावना है।**

फैब्रिक्स, एफ एंड एफ, केसी फैब्रिक्स, डेको विंडो, नेचर्स मैनिया, क्ले क्राफ्ट, फ्रीलांस जैसे प्रमुख ब्रांड, २०१८-१९ के आगामी रिटेल सीज़न के लिए अपने नवीनतम इनोवेशन एवं नई प्रोडक्ट लाइंस को लांच करने के लिए तैयार हैं।

एचजीएच इंडिया द्वारा पेशकश किए जाने वाले विशाल घरेलू बाजार अवसर को देखते हुए, ईपीसीएच (एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट्स); एआईडब्ल्यूए (ऑल इंडिया वॉलपेपर कवरिंग एसोसिएशन); एचएमसीएम (हैंडीक्राफ्ट मेगा क्लस्टर मिशन); ईवीएसआईडी (टर्किश हाउसवेयर मैन्यूफैक्चरर्स एंड एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन); गोल्डन सील (ताइवान); एचकेटीडीसी (हांगकांग ट्रेड डेवलपमेंट काउंसिल), झेजियांग ब्रॉड इंटरनेशनल (चीन), जैसे अग्रणी संगठन अपने सदस्यों की सामूहिक भागीदारी आयोजित कर रहे हैं।

फैशन ट्रेन्ड्स का पूर्वानुमान, अपनी स्थापना के समय से ही एचजीएच इंडिया का एक महत्वपूर्ण पहलू है। थीम ट्रांजिशन के तहत २०१८-१९ के लिए ट्रेन्ड्स को हॉल १ के आखिर में स्थापित एक बड़े ट्रेन्ड्स पवेलियन में प्रदर्शित किया जाएगा। इस साल के ट्रेन्ड्स को चार सब-थीम्स यानी सो फंकी एट होम; सॉफ्ट शेड्स ऑफ नेचर; कलेक्टर्स चेंबर तथा स्मार्ट बोहेमियंस में बाँटा गया है।

ट्रेन्ड्स पवेलियन में, विजिटर न केवल २०१८-१९ में प्रचलित कलर्स, डिजाइन, मटेरियल एवं स्टाइल के बारे में जानेंगे, बल्कि इन ट्रेन्ड्स पर आधारित वास्तविक प्रोडक्ट्स को भी देखेंगे, जिन्हें वे एचजीएच इंडिया २०१८ में आए विभिन्न एग्ज़िबिटर्स से अपने स्टोर के लिए खरीद सकते हैं।

रिटेलर्स, होलसेलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, इंपोर्टर्स, इंस्टिट्यूशनल खरीदारों एवं डिज़ाइनर्स द्वारा एक प्रभावी सोर्सिंग मंच के रूप में मान्यता प्राप्त, एचजीएच इंडिया २०१८ में एक बार फिर से भारी संख्या में विजिटर्स की दिलचस्पी दिखाई देने की संभावना है। विजिटर्स के प्री-रजिस्ट्रेशन की संख्या, अब तक की सर्वाधिक संख्या को पार कर चुकी है। रजिस्ट्रेशन अभी भी १५ जून तक खुले हैं। मौजूदा ट्रेन्ड्स को देखते हुए, एचजीएच इंडिया २०१८ में ट्रेड विज़िटर्स की संख्या में और अधिक वृद्धि दर्ज किए जाने की संभावना है, यह संख्या पिछले वर्ष ३०,७०० थी।


**इनोवेशन्स ■ ट्रेन्ड्स ■ प्रोडक्ट्स ■ स्त्रोत ■ अवसर**

# होम टेक्सटाइल , होम डेकॉर, हाउसवेयर एवं गिफ्ट्स का अवलोकन

## पिछले वर्षों के दौरान लगातार वृद्धि


एग्ज़िबिटर्स की संख्या में वृद्धि

कुल एग्ज़िबिटर्स





विजिटर्स की संख्या में वृद्धि


कुल विजिटर्स




विजिटर्स (बिजनेस प्रोफाइल)




विजिटर्स (जॉब प्रोफाइल)




एक अच्छा ट्रेड शो, बाजार में आने वाले अवसरों, प्रोडक्ट्स एवं बिजनेस ट्रेंड का वास्तविक खाका प्रदर्शित करता है। इसी को आगे बढ़ाते हुए, एचजीएच इंडिया ने भारतीय बाजारों के लिए एक सफल ट्रेड को विकसित किया है, जो वर्ष दर वर्ष आने वाले पेशेवर विजिटर्स एवं एग्ज़िबिटर्स के लिए कभी न खत्म होने वाला आकर्षण प्रदान करता है।

पिछले छह सालाना एडिशनों की लोकप्रियता व प्रसिद्धि के साथ, एचजीएच इंडिया ने इस कटेगरी में भारत के अग्रणी ट्रेड शो में अपनी जगह बना ली है। यह इसके एग्जिबिटर्स को भारतीय रिटेलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, कारोबारी खरीददारों, इंटीरियर डिज़ाइनर्स के साथ जुड़ाव स्थापित करने के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया एक प्रोफेशनल, ट्रेंड सेटर ट्रेड शो है। एग्जिबिटर्स एवं ट्रेड विजिटर्स की बढ़ती संख्या साबित करती है कि भारतीय बाजार में होम कटेगरी में बिजनेस करने के लिए एचजीएच इंडिया कितना उपयोगी है। आज प्रमुख भारतीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियां होम प्रोडक्ट के लिए भारतीय घरेलू बाजार में जगह बनाने एवं उसका विस्तार करने में एचजीएच इंडिया की भूमिका को स्वीकार करती हैं।

होम प्रोडक्ट्स ट्रेड के सभी सेगमेंट – होम टेक्सटाइल्स, होम डेकॉर, हाउसवेयर एवं गिफ़्ट्स में एचजीएच इंडिया की बढ़ती लोकप्रियता को इस ट्रेड शो में आने वाले एग्जिबिटर्स और विजिटर्स की बढ़ती संख्या के रूप में देखा जा सकता है।

एचजीएच इंडिया में, जहाँ २०१२ में एग्जिबिटर्स की संख्या १४० थी वहीं २०१७ में यह ३५०% बढ़कर ५०० हो गई है। इसी प्रकार, विजिटर्स की संख्या २०१२ में ६,१४० से लगभग ५००% बढ़कर २०१७ में ३०,७०० हो गई है। एचजीएच इंडिया, ब्रांड्स एवं निर्माताओं को रिटेलर्स, होलसेलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, इंपोर्टर्स एवं इंस्टिट्यूशनल खरीदारों सहित उच्च क्षमता वाले भारतीय कारोबारी खरीदारों के साथ जोड़ता है।

विभिन्न प्रोडक्ट कटेगरीज़ के अंतर्गत आने वाले एग्जिबिटर्स ने लगातार अच्छे व्यावसायिक परिणामों की रिपोर्ट की है। यहाँ अंतरराष्ट्रीय एवं भारतीय एग्जिबिटर्स को भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए उच्च क्षमता वाले खरीदार एवं लंबी अवधि के पार्टनर मिल जाते हैं। ८०% से अधिक एग्जिबिटर्स और ९०% से अधिक विज़िटर्स प्रतिवर्ष एचजीएच इंडिया में वापस आते हैं, जो विक्रेताओं एवं खरीदारों दोनों के लिए इसके महत्व को दर्शाता है।

## महत्वाकांक्षी भारतीय बाज़ार से जोड़ता है

भारत की आबादी १.३ अरब है, जिसमें ६५% से अधिक लोग ३० वर्ष से कम आयु के हैं, शिक्षित हैं, शहरों में रहते हैं और यात्रा तथा मीडिया के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय जीवन शैली के संपर्क में हैं। इस देश की अर्थव्यवस्था ७% प्रतिवर्ष से अधिक की गति से लगातार बढ़ रही है। ऐसे देश में जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा, बेहतर जीवन शैली की महत्वाकांक्षा के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। लाइफ स्टाइल प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग इसका सहज परिणाम है।

एचजीएच इंडिया का प्रत्येक अगला एडिशन उन प्रोडक्ट्स को लेकर रिटेलर्स की पसंद को दर्शाता है, जो भारतीय उपभोक्ताओं की

विभिन्न कटेगरीज़ के सुप्रसिद्ध भारतीय ब्रांड पूरे भारत से आए अपने डीलर्स के साथ मुलाकात करते हैं और कारोबारी लेनदेन करते हैं। वे अपनी गैरमौजूदगी वाले इलाकों में नए डीलर्स एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स को भी जोड़ते हैं। अंतरराष्ट्रीय एग्जिबिटर्स न केवल सुस्थापित बल्कि महत्वाकांक्षी डिस्ट्रीब्यूटर्स एवं ब्रांड प्रतिनिधियों को भी जोड़ते हैं, जिससे उन्हें भारतीय बाजारों में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने में मदद मिलती है।

यद्यपि इसका सटीक आकलन करना कठिन था, फिर भी रिटेलर्स अपने नियमित सप्लायर्स से भारी मात्रा में तुरंत आर्डर प्राप्त करते हैं। बहुत सारे एग्जिबिटर्स ने ऑर्गेनाइज्ड रिटेल चेन एवं



*युवा महत्वाकांक्षी भारतीय उपभोक्ता ब्रांडेड, लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स को पसंद करते हैं।*

महत्वाकांक्षी मांग को पूरा करते हैं। रिटेलर्स द्वारा युवा, शिक्षित एवं कमाऊ भारतीय उपभोक्ताओं द्वारा पसंद किए जाने वाले इनोवेटिव और मॉडर्न लाइफ स्टाइल प्रोडक्ट्स की मांग की जाती है। सस्ते, किफ़ायती विकल्पों की तुलना में प्रीमियम एवं ब्रांडेड प्रोडक्ट्स की मांग बढ़ रही है। उच्च स्तरीय टेबल वेयर, ग्लासवेयर, कुकवेयर, स्टोरेज, किचन टूल्स, स्टोरेज, होम डेकोर एक्सेसरीज़, वॉलपेपर्स, फ़र्निशिंग फैब्रिक्स एवं होम टेक्सटाइल प्रोडक्ट्स की पेशकश करने वाले भारतीय एग्जिबिटर्स को बेहतर प्रतिक्रिया मिल रही है।

प्रसिद्ध स्पेशियलिटी स्टोर से ट्रायल आर्डर मिलने के बारे में सूचित किया है। नए स्टोर खोलने के इच्छुक उद्यमी, विभिन्न कटेगरीज़ के अंतर्गत अपनी मर्चेंडाइज प्लानिंग एवं सोर्सिंग करने के लिए एचजीएच इंडिया को एक सुविधाजनक फोरम के रूप में पाते हैं।

पहली बार आने वाले एग्जिबिटर्स को राष्ट्रीय स्तर पर बाजार से जुड़ने का एक तुरंत मौका मिलता है। एचजीएच इंडिया के कारोबार अनुकूल वातावरण में नए डिज़ाइन, प्रोडक्ट इनोवेशन एवं प्रोडक्ट संबंधी विचारों पर सर्वोत्तम तरीके से शोध किया जा सकता है।

# एचजीएच इंडिया २०१८ : ५५० ब्रांड्स एवं निर्माताओं से प्राप्त स्त्रोत

## ३० देशों से आए ब्रांड्स से मिलिए


मोनो सिरामिक्स


स्पेस कंपनी लिमिटेड


ऐडिन ऑर्म


आईएफ़आई डिज़ाइस


डीकेडब्ल्यू कंपनी लिमिटेड


आरसीआर क्रिस्टलवेयर


बर्गहॉफ

एचजीएच इंडिया २०१८ में, ट्रेड विजिटर्स ३० देशों से आए प्रोडक्ट्स का मूल्यांकन करने के साथ ही उन्हें खरीद सकते हैं। प्रदर्शनी में लगने वाले लगभग ३५% प्रोडक्ट्स अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स एवं निर्माताओं के होंगे, जो या तो खुद ही या अपने भारतीय पार्टनर्स के द्वारा प्रदर्शित करते हैं। भारत के अलावा अन्य २९ देशों से आए १८५ ब्रांड्स भी अपने प्रोडक्ट प्रदर्शित करेंगे। ३१५ भारतीय ब्रांड एवं निर्माता भी अपनी नवीनतम रेंज को प्रदर्शित करेंगे।

प्रत्यक्ष रूप से मौजूद रहने वाले कुछ प्रमुख अंतरराष्ट्रीय ब्रांड होंगे:– कुकवेयर, किचनवेयर एवं टेबलवेयर के साथ बर्गहाफ़ (बेल्जियम); क्रिस्टल ग्लास टेबलवेयर के साथ आरसीआर क्रिस्टलवेयर (इटली); डिनरवेयर के साथ कोरेल्ले (यूएसए); स्टोरेज एवं बाथरूम एक्सेसरीज़ के साथ इंटर डिज़ाइन (यूएसए); प्लास्टिक किचन वेयर, टेबलवेयर एवं हाउसवेयर के साथ डीकेडब्ल्यू (थाईलैंड); फ्रिगोंडास रोबोटिक क्लीनर्स की अपनी रेंज के साथ फ्रिगोंडास (कोरिया); फर्निशिंग फैब्रिक्स के साथ आईएफ़आई (ग्रीस); तथा कुकवेयर, किचन वेयर एवं टेबलवेयर के साथ कोर्कमाज़ (टर्की)।

कई प्रमुख टर्किश निर्माताओं द्वारा होम टेक्सटाइल, होम डेकॉर एवं हाउस वेयर की अपनी विस्तृत रेंज का प्रदर्शन किया जाएगा। इन निर्माताओं में शामिल हैं:– कर्टन फैब्रिक्स, शियर्स, एंब्रॉयडरी एवं लेस कर्टन के साथ एयडिन, टेबल लिनेन एवं वॉलपेपर के साथ ओंकू ग्रुप, और डेकोरेटिव ग्लास वेयर के साथ डेकॉर कैम, प्लास्टिक हाउसवेयर की पेशकश करने वाली टाइटिस, यूगुरलर, लक्स प्लास्टिक, मिस कलेक्शन, सोलमेज़र, रेंगा, और आयरनिंग बोर्ड, क्लॉथ ड्रायर, आदि के साथ डॉग्लर।

इसके अलावा, कई अन्य प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय निर्माता भी विस्तृत रेंज का प्रदर्शन करेंगे। कुछ प्रमुख नामों में शामिल हैं:– सिरेमिक और पोर्सलीन डिनरवेयर एवं टेबलवेयर सेगमेंट में मोनो सिरेमिक्स (बांग्लादेश); ब्लाइंड्स में स्पेस कंपनी लिमिटेड (कोरिया); प्लास्टिक शू बॉक्स, छोटी चीजों के लिए स्टोरेज बॉक्स एवं ऑर्गेनाइजर्स सेगमेंट में नैम नगई (थाईलैंड); पीवीसी वॉलपेपर में झेजियांग लुलियन डेकोरेशन मटेरियल कंपनी (चीन); किचन स्टोरेज, फूड प्रोसेसर, किचन ग्रेटर सेगमेंट में शुआंगमा प्लास्टिक मैन्यूफैक्चरिंग इंक (चीन); फर्नीचर एवं फर्निशिंग के लिए सिंथेटिक लेदर सेगमेंट में हांग्झोऊ जिडा न्यू मटेरियल्स टेक्नोलॉजी कंपनी (चीन); सामान्य, डिज़ाइनर एवं खुशबूदार मोमबत्तियों की किस्मों के साथ शीज़ियाज़ूआंग हुआमिंगलाय कंपनी (चीन); एक्रिलिक स्टोरेज एवं जार में हुवे एर्लच्यांग इंटरप्राइज (ताइवान); नट क्रैकर्स, स्पाइस ग्राइंडर, कंटेनर, जार सेगमेंट में कुओ यू प्लास्टिक इंटरप्राइज कंपनी (ताइवान); रैक्स, क्लोजेट, शू रैक, हैंगर, मल्टीपरपज ट्रॉली सेगमेंट में ली मिंग इंडस्ट्रियल कंपनी (ताइवान); डेकोरेटिव आर्ट, मेटल, रोटेटिंग ग्लोब एवं विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए गिफ़्ट आर्टिकल सेगमेंट में मोवा इंटरनेशनल कार्पोरेशन (ताइवान)।

बहुत से अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स ने पहले ही अपने भारतीय पार्टनर बना लिए हैं, जो उनके प्रोडक्ट्स को यहां आयात करते हैं तथा डिस्ट्रीब्यूट करते हैं। इन ब्रांड्स में नाटमन (जर्मनी), नोरिटेक (जापान), फॉरेस्ट (नीदरलैंड), बर्गनर (ऑस्ट्रिया), कर्वर (लक्जमबर्ग), बोर्गोनोवो एंड बोर्मियोली रोको (इटली), ट्रूडो (कनाडा), किलनर (यूके), ज़िमर + रॉडे (जर्मनी) शामिल हैं।

## टर्की द्वारा विस्तृत रेंज का प्रदर्शन



डेकॉर कैम


टाइटिस प्लास्टिक


कोर्कमाज़


सोलमेजर


लक्स प्लास्टिक


ऐडिन ऑर्म


डॉग्लर


ओंकू ग्रुप

टर्की ने विश्वसनीय ढंग से एवं लगातार हाई क्वालिटी प्रोडक्ट उपलब्ध कराने के लिए दुनिया भर में अच्छी साख बना ली है। यद्यपि टर्किश प्रोडक्ट बाजार में सबसे सस्ते दामों पर उपलब्ध नहीं हो सकते हैं, फिर भी भारतीय आयातकों में उनकी हाई क्वालिटी, इनोवेटिव डिज़ाइन एवं पैसा–वसूल विशेषताओं के चलते व्यापक मांग है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं कि ये भारतीय उपभोक्ताओं के बीच और अधिक लोकप्रिय होते जा रहे हैं।

टर्की के प्रोडक्ट हाल नंबर ३ में हाउसवेयर प्रोडक्ट के साथ तथा ईवीएसआईडी, द टर्किश हाउसवेयर मैन्यूफैक्चरर्स एंड एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के माध्यम से हॉल नंबर २ में होम डेकॉर रेंज के साथ मौजूद होंगे। पिछले वर्ष के सकारात्मक कारोबारी परिणामों ने एचजीएच इंडिया २०१८ में टर्की की भागीदारी को बढ़ाने पर जोर दिया है। पिछले वर्ष के कई एग्ज़िबिटर्स जैसे कि प्लास्टिक किचनवेयर एवं बाथरूम एक्सेसरीज़ सेगमेंट में लक्स प्लास्टिक, स्टोरेज एवं किचनवेयर में टाइटिस प्लास्टिक, किचन स्टोरेज, यूटेंसिल्स एवं रैक्स में मिस कलेक्शन, बाथरूम एसेंशियल एवं डस्टबिन में उगुर्लर प्लास्टिक बड़े स्थानों में अपने प्रोडक्ट्स का प्रदर्शन करेंगे।

कई नए टर्किश एग्ज़िबिटर्स पहली बार इसमें अपने सामानों का प्रदर्शन करेंगे। उनमें से एचजीएच इंडिया २०१८ में, ईवीएसआईडी के माध्यम से प्रदर्शित करने वालों में आयल डिस्पेंसर, बोतल, टेबल बाउल, साल्ट एंड पेपर डिस्पेंसर, ब्रेड बॉक्स जैसे एक्रिलिक एवं ग्लास बेस्ड टेबलवेयर सहित सोलमाजर, प्लास्टिक एवं ग्लास बेस्ड किचन स्टोरेज, किचन यूटिलिटी एवं टेबलवेयर के साथ रेंगा; डेकोरेटिव फ़र्निशिंग के साथ ऐडिन; डेकोरेटिव ग्लास वेयर के साथ डेकॉर कैम; टेबल लिनेन के साथ ओंकू; और किचन ऑर्गेनाइज़र, बेबी हैमोक्स, आयरन बोर्ड, होम एप्लायंसेज, आदि के साथ डॉग्लर शामिल होंगे, जो सोर्सिंग को भारतीय रिटेलर्स एवं इंपोर्टर्स के लिए और अधिक आकर्षक बनाएगा।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध टर्किश ब्रांड, कोर्कमाज़, स्वयं अपनी कुकवेयर, किचनवेयर एवं टेबलवेयर के रेंज को प्रदर्शित करेगा।

**३-५ जुलाई, २०१८ बॉम्बे एग्जिबिशन सेंटर, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई।**

# सभी विजिटर्स को आयोजन स्थल पर रजिस्ट्रेशन के लिए भुगतान करना होगा।

इस एडिशन से, गैर–व्यापारिक विजिटर के प्रवेश को कम करने तथा प्रामाणिक व्यापारिक विजिटर्स के साथ अधिक समय एवं प्रयास खर्च करने के लिए, एचजीएच इंडिया विजिटर रजिस्ट्रेशन सिस्टम को पूरी तरह से ऑनलाइन कर दिया गया है। जहां तक निःशुल्क विजिटर एंट्री का सवाल है, विजिटर इस वर्ष से आयोजन स्थल पर मुफ्त रजिस्ट्रेशन करने में सक्षम नहीं होंगे, भले ही वे एग्ज़िबिटर्स या ऑर्गेनाइजरों की तरफ से आधिकारिक निमंत्रण कार्ड लेकर आए हों। क्योंकि इन कार्ड्स में स्पष्ट रूप से उल्लेखित किया गया है कि निःशुल्क एंट्री के लिए विजिटर को १५ जून २०१८ से पहले ऑनलाइन प्री–रजिस्ट्रेशन करना होगा।

होम टेक्सटाइल, होम डेकॉर, हाउसवेयर एवं गिफ़्ट सेक्टर्स से संबद्ध रिटेलर्स, होलसेलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर, इंपोर्टर, ट्रेडर, ब्रांड, मैन्युफैक्चरर्स, इंस्टिट्यूशनल खरीदार, डिज़ाइनर, आर्किटेक्ट, बाइंग ऑफिसेज़ एवं प्रोफेशनल्स इस ट्रेड शो में निःशुल्क विजिटर एंट्री प्राप्त करने के लिए पात्र हैं। इसके लिए उन्हें १५ जून २०१८ से पहले आवश्यक रूप से एचजीएच इंडिया की वेबसाइट www.hghindia.com पर विजिटर के रुप में प्री–रजिस्ट्रेशन करना होगा। उन्हें विजिटर रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करना होगा तथा वेबसाइट पर दिखाए गए चरणों का पालन करना होगा। किसी भी कठिनाई के मामले में, उन्हें visitors@hghindia.com पर ईमेल करना चाहिए या टेलीफोन नंबर +९१ (२२) २४२१ ४१११ या मोबाइल नंबर +९१ ९३ २१४७५८८२ पर श्री अमर शर्मा से संपर्क करना चाहिए।

सभी प्री–रजिस्टर्ड विजिटर को एचजीएच इंडिया में प्री–रजिस्टर्ड विजिटर डेस्क पर जाना चाहिए और एचजीएच इंडिया ऑफिस से प्राप्त एसएमएस या ईमेल के माध्यम से प्राप्त रेफरेंस नंबर दर्ज करके या अपने क्यूआर कोड को स्कैन करके निःशुल्क एंट्री कार्ड प्राप्त करना चाहिए।

प्री–रजिस्ट्रेशन के बिना सीधे आयोजन स्थल पर आए अन्य सभी विजिटर्स को रू.१००० प्रति विजिटर की दर से तत्काल विजिटर रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान करने की आवश्यकता होगी, जिसका भुगतान नगद, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड या पेटीएम के माध्यम से किया जा सकता है।


## ट्रेड विजिटर्स!

## १५ जून, २०१८ तक ऑनलाइन रजिस्टर करें और प्रवेश शुल्क रू.१,००० की बचत करें

एचजीएच इंडिया २०१८ का आयोजन ३–५ जुलाई, २०१८ से मुंबई में होना निर्धारित है। २०१८/१९ के लिए पूर्वानुमानित फैशन एवं लाइफस्टाइल ट्रेंड से प्रेरित ५५० से अधिक ब्रांड्स एवं निर्माताओं के इनोवेटिव, हाई क्वालिटी प्रोडक्ट्स पर एक नजर डालें। अपने प्रतिस्पर्धियों से पहले उन्हें प्राप्त करें।

प्रदर्शित प्रोडक्ट




**होम डेकॉर** सीलिंग, वॉल्स, विंडो, फ्लोर, डेकोरेटिव एक्सेसरीज़, लाइफस्टाइल **होम टेक्सटाइल्स** स्लीपिंग, बाथ, टेबल एंड किचन, लिविंग, फ्लोर, फ़र्निशिंग, डेकॉर, **गिफ़्ट्स** कार्पोरेट, पर्सनल, फ़ेस्टिव **हाउसवेयर** कुकवेयर, किचन एप्लायंसेज, टेबल वेयर, बाथरूम, मेंटनेंस, क्लीनिंग, स्टोरेज, आउटडोर

### विशेष लाभों का आनंद उठाएँ

- एचजीएच इंडिया में निःशुल्क एंट्री पाएं
- प्री–रजिस्टर्ड विजिटर के रूप में आयोजन स्थल पर अपना बैज पाने में समय बचाएं। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के बाद आपको भेजे गए प्री–रजिस्ट्रेशन क्यूआर कोड के साथ अपना बैज सीधे प्रिंट कर सकते हैं।
- एचजीएच इंडिया २०१८ की कैटलाग की मुफ्त प्रति पाएं
- एचजीएच इंडिया के कॉम्प्लिमेंटरी हॉट लाउंज, फ्रूट लाउंज, आइसक्रीम लाउंज, पॉपकॉर्न लाउंज तथा शटल बस सेवा एवं प्रमाणित विजिटर्स के लिए प्रदान की गई अन्य सुविधाओं का उपयोग करें।

*ये सभी लाभ प्राप्त करने तथा स्पॉट रजिस्ट्रेशन फीस बचाने के लिए, आपको १५ जून, २०१८ से पहले हमारी वेबसाइट www.hghindia.com पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा।*

### फ्री विजिटर रजिस्ट्रेशन संबंधी दिशा निर्देश

- फ्री विजिटर एंट्री केवल पूर्व पंजीकृत प्रमाणिक ट्रेड विजिटर्स के लिए है, जिन्होंने www.hghindia.com पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया है।
- आमंत्रित ट्रेड विजिटर भी ट्रेड शो आयोजन स्थल पर फ्री स्पॉट रजिस्ट्रेशन के लिए हकदार नहीं होंगे, यदि वे ऑनलाइन पूर्व रजिस्ट्रेशन नहीं करते हैं।
- ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन न करने वाले सभी विज़िटर्स को ट्रेड शो में एंट्री के लिए रू.१,००० की स्पॉट रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान करना होगा।
- ऑनलाइन विजिटर रजिस्ट्रेशन के लिए अंतिम तिथि : **१५ जून, २०१८**

### फ्री एंट्री के लिए चरण

१. हमारी वेबसाइट www.hghindia.com पर जाएं
२. होमपेज पर ''विजिटर रजिस्ट्रेशन'' पर क्लिक करें
३. ऑनलाइन विजिटर रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरें
४. ईमेल एवं एसएमएस के माध्यम से अपना विजिटर रजिस्ट्रेशन नंबर तथा क्यूआर कोड प्राप्त करें, जो आपके रजिस्ट्रेशन की पुष्टि करता है।
५. अपना रजिस्ट्रेशन नंबर या क्यूआर कोड अपने मोबाइल में या प्रिंट फॉर्मेट में ट्रेड शो में लाएं।
६. अपना बैज प्रिंट करने के लिए एचजीएच इंडिया २०१८ में हॉल १ या हॉल ३ पर मौजूद प्री–रजिस्टर्ड विजिटर्स डेस्क पर अपना रजिस्ट्रेशन नंबर बताएं या अपना क्यूआर कोड स्कैन करें।

### महत्वपूर्ण नोट्स

१. एंट्री बैज, एचजीएच इंडिया में फ्री एंट्री के लिए आपकी व्यक्तिगत पात्रता है और पूर्णतया अहस्तांतरणीय है।
२. यदि आप पिछले वर्षों में एचजीएच इंडिया के पंजीकृत विजिटर रहे हैं, तो कृपया ऑर्गेनाइजर से अपना रेफरेंस नंबर प्राप्त करें और अपने रजिस्ट्रेशन को एचजीएच इंडिया २०१८ के लिए ऑनलाइन रिन्यू करने के लिए उसका प्रयोग करें।
३. एचजीएच इंडिया २०१८ में फ्री एंट्री के लिए, सभी पुराने विजिटर्स के रजिस्ट्रेशन का नवीनीकरण अनिवार्य है। नवीनीकरण न किए जाने पर रू.१,००० की स्पॉट रजिस्ट्रेशन फीस देय होगी।
४. एचजीएच इंडिया पूर्णतया एक ट्रेड शो है। इसलिए उपभोक्ताओं के प्रवेश की अनुमति नहीं है। किसी भी रिटेल खरीदारी की अनुमति नहीं है। रिटेल खरीदारी करते पाए जाने पर, आपको विजिटर के रूप में अयोग्य घोषित किया जा सकता है।
५. १५ वर्ष से कम आयु के बच्चों के प्रवेश की अनुमति नहीं है।
६. ऑर्गेनाइजर अपने पूर्ण विवेक के आधार पर किसी भी विजिटर को प्रवेश से मना करने का अधिकार रखते हैं।

**अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए कृपया संपर्क करें**

मुंबई : टेलीफोन: +९१ (२२) २४२१ ४१११ फ़ैक्स : +९१ (२२) २४२१ ४११६ दिल्ली : टेलीफोन: +९१ (११) २५७१ ४१११ फ़ैक्स : +९१ (११) २५७१४११६
अमर शर्मा मोबाइल :+९१ ९९ ६७६ ००२८६ / निकेत सेकसरिया मोबाइल :+९१ ९९ ३०१ ७२९७३ ईमेल: visitors@hghindia.com